■ वर्ष-46 ■ अंक-220 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रू. ■ नगर संस्करण    भोपाल, शुक्रवार 7 जुलाई 2023    RNI/39534/81 MP/BHOPAL/4-102/2022-23

दैनिक निष्पक्ष एवं निर्भीक समाचार

# सतपुड़ा वाणी

www.stpv.live    संस्थापक : स्व. ज्ञान प्रकाश बाली    satpuravani@yahoo.co.in

## मुख्यमंत्री शिवराज ने पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी के पांव धोए, आरती उतारी और मांगी माफी, बोले- आप मेरे लिए भगवान



**एजेंसी, भोपाल/सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी युवक का परिवार गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने के लिए भोपाल आया हुआ है। सीएम हाउस पहुंचते ही सीएम शिवराज ने आदिवासी दशमत का हाथ पकड़कर उसे अपने साथ भीतर ले गए। पीड़ित दशमत को कुर्सी पर बैठाया। दशमत के पांव धोए। आरती उतारी और तिलक लगाया। दशमत को शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री शिवराज ने सम्मान किया। इसके बाद सीएम शिवराज ने कहा कि मैं आपसे माफी मांगता हूं। आप जैसे लोग मेरे लिए भगवान जैसे हैं। दशमत को शिवराज सिंह चौहान ने सुदामा कहा। सीएम ने कहा कि दशमत तुम अब मेरे दोस्त हो। सीएम ने दशमत से कई विषय पर चर्चा की। पूछा कि क्या करते हो? घर चलाने के क्या साधन हैं? कौन सी योजनाओं का लाभ मिल रहा है? यह भी पूछा कि बेटी को लक्ष्मी और पत्नी को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं। सीएम ने कहा कि बेटी को पढ़ाना, बेटियां आगे बढ़ रही हैं। बता दें कि सीधी जिले की पेशाब कांड की घटना के सामने आने के बाद सीएम शिवराज ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने कहा था कि आरोपी को ऐसी सजा मिले, जो मिसाल बन जाए। कार्रवाई के बाद ट्वीट किया था कि एनएसए लगाया, बुलडोजर भी चलाया। जरूरत पड़ी तो अपराधियों जमीन में गाड़ देंगे। आरोपी प्रवेश शुक्ला को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था। उस पर एनएसए लगाया गया है। अभी वह जेल में है। आरोपी प्रवेश शुक्ला के दूर के चाचा विद्याकांत शुक्ला ने बताया कि दो साल पहले भी प्रवेश को बदनाम करने के लिए इस तरह का वीडियो एडिट कर वायरल किया गया था। अब 25 जून को यह वीडियो फिर से सामने आया है। प्रवेश डिप्रेशन में था। वह बार-बार कह रहा था कि मैं खुदकुशी कर लूंगा। 28 जून को प्रवेश घर से चला गया था। दशमत पर नशे में पेशाब करने के आरोपी भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला के घर पर बुधवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। रात को कांग्रेस नेता पीड़ित के घर धरने पर बैठ गए। वे आरोपी का घर पूरी तरह से तोड़ने की मांग कर रहे हैं। सीधी से भाजपा विधायक केदार शुक्ला भी पीड़ित के घर पहुंचे थे। आरोपी प्रवेश का घर तोड़ने बुधवार को पहुंची जेसीबी देखकर आरोपी की मां और चाची बेहोश हो गई। सिहावल एसडीएम आरपी त्रिपाठी ने बताया कि घर का करीब एक तिहाई हिस्सा अवैध है, उसे ढहाया गया है।

### आदिवासियों का सम्मान और अधिक सुरक्षित मध्य प्रदेश के प्रति आश्वस्त करता है

*आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक आदिवासी व्यक्ति के पैर पखारते देखा तो ऐसा लगा मानो हम त्रेता युग में वापस लौट गए हों। श्रीराम ने आदिवासी गुह को गले लगाया हो और माता शबरी के जूठे बेर फिर से खा लिए हों। मध्य प्रदेश के मुखिया का एक आदिवासी के प्रति प्रेम प्रदर्शित करने का इससे और अधिक उत्कृष्ट तरीका भला और क्या हो सकता था? प्रदेश में आदिवासी समाज के सम्मान की पुनर्स्थापना का यह दृश्य हमें और अधिक सुरक्षित मध्य प्रदेश के प्रति आश्वस्त करता है।*

...... **राजकुमार बाली (प्र.सं.)**

**चंद्रयान-3 :** चांद पर भारत रचेगा इतिहास, अगले हफ्ते शुक्रवार को दोपहर 2.35 -

## 14 जुलाई को उड़ान भरेगा चन्द्रयान-3

### नहीं होगी कोई चूक, चांद पर उतरने वाला बनेगा चौथा देश



**एजेंसी, श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान-3 के लॉन्च की उल्टी गिनती शुरू हो गई। 14 जुलाई दोपहर 2.35 बजे भारत अंतरिक्ष में एक नया इतिहास रचेगा। दोपहर 2.35 बजे चंद्रयान-3 भारत की उम्मीदों के साथ उड़ा न भरेगा। चंद्रयान-3 को SDSC श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। अगर चंद्रयान-3 का लैंडर चांद पर उतर ने में सफल होता है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने स्पेसक्राफ्ट उतार चुके हैं। चन्द्रयान-3 के प्रक्षेपण की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' को प्रक्षेपित किए जाने के तहत 5 जुलाई को इसकी एनकैप्सुलेटेड असेंबली को इसके लॉन्च व्हीकल से जोड़ दिया गया है। लॉन्च व्हीकल मार्क-III को ISRO की ओर से विकसित किया गया। तीन चरण वाला मध्यम-लिफ्ट लॉन्च वाहन है।

**इसरो ने ट्वीट में दी जानकारी**

इसरो ने ट्वीट करते हुए जान कारी दी। ट्वीट में लिखा कि आज श्रीहरिकोटा के स तीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में चंद्रयान-3 वाली इनकैप्सु लेटेड असेंबली को LVMx के साथ जोड़ा गया है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े वीडियो सामने आए हैं। चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की एक अनुमानित तारीख 12 से 19 जुलाई के बी च तय की गई है। अगर सब सही रहा तो इस यो जना को 13 जुलाई तक लॉन्च कर दिया जाएगा।

**दूसरी बार लैंडर उतारने का प्रयास**

प्रोपल्शन मॉड्यूल लैंडर और रोवर के सा थ चन्द्रमा की सतह से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर चंद्रमा की परिक्रमा करेगा। यह मिशन भी चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 की तरह चन्द्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। इसरो चन्द्रमा की सतह पर दूसरी बार लैंडर को उतारने का प्रयास कर रहा है।

**इसरो ने किए कई सुधार**

भारतीय अंतरिक्ष ऐजेंसी ने चन्द्रयान-2 मिशन से सीख लेते हुए इस बार कई सुधार किए है। वर्ष 2019 में सॉफ्टवेयर की गड़बड़ी के कारण लैंडर चन्द्रमा की सतह से टकरा गया था। इस बार चंद्रयान 3 के लैंडर को धीरे से चन्द्रमा की सतह पर उतारा जाएगा। इसके बाद लैंडर से निकलकर रोवर स्थल के आसपास की तापीय चालकता, तापमान और भूकंपीय गतिविधि को मापेगा। इसके अलावा अन्य जानकारी भी पृथ्वी पर भेजेगा।

## मध्य प्रदेश में आईएएस अधिकारियों के तबादले, मनीष सिंह अब जल संसाधन विभाग प्रमुख सचिव

**एजेंसी, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने मंत्रालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी में बड़ा परिवर्तन कर दिया। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के समय उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए मनीष सिंह को जल संसाधन विभाग भेजा गया है। वहीं, प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला को फिर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ-साथ उद्योग विभाग की जिम्मेदारी भी दी गई है। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा के पास अब केवल नर्मदा घाटी विकास विभाग रहेगा। मंत्रालय स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी में परिवर्तन करने की तैयारी कुछ दिनों से सामान्य प्रशासन विभाग कर रहा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अनुमति मिलते ही विभाग ने शुक्रवार देर शाम नवीन पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए। सूत्रों के अनुसार उद्योग (औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन) विभाग के प्रमुख सचिव को नई जिम्मेदारी देने की चर्चा काफी समय से चल रही थी। वहीं, संजय कुमार शुक्ला विभाग के कामकाज से भलिभांति परिचित हैं, इसलिए सरकार ने मनीष सिंह के स्थान पर उन्हें पदस्थ किया है। अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को भी जल संसाधन विभाग में लंबा समय हो गया था। सरकार की प्राथमिकता में सिंचाई परियोजनाओं के काम हैं, इसलिए उनके स्थान पर मनीष सिंह को पदस्थ किया है। वहीं, मिश्रा नर्मदा घाटी विकास विभाग के साथ-साथ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी के प्रबंध संचालक भी रहेंगे। प्रमुख सचिव निकुंज कुमार श्रीवास्तव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के साथ-साथ राजस्व विभाग का दायित्व भी संभालेंगे। यही जिम्मेदारी अभी तक प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी के पास थी। वे अब प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री के साथ लोक सेवा प्रबंधन रहेंगे। मंडी बोर्ड की प्रबंध संचालक जीवी रश्मि को सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव कार्मिक बनाया है। उनके स्थान पर अपर संचालक मंडी बोर्ड गौतम सिंह को प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## राहुल गांधी की सजा पर आज फैसला सुनाएगा हाई कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आज राहुल गांधी की याचिका पर गुजरात हाईकोर्ट अपना फैसला सुनानेवाला है। मोदी सर नेम से जुड़े मानहानि मामले में सूरत की कोर्ट ने 23 मार्च को उन्हें दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ राहुल गांधी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसी पर 7 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा। इस फैसले की वजह से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दे दिया गया था। लोस चुनाव के प्रचार के दौरान कर्नाटक में अपने भाष ण में कथित तौर पर कहा था, सभी चोरों का उपनाम मोदी ही क्यों है?

### संक्षिप्त खबरे

## सुरजीत सिंह इंदौर और मोनू सक्सेना बने भोपाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष, भाजपा ने कसा तंज

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर चल रहे विवाद को सुलझा लिया। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा को बनाया गया है तो भोपाल शहर कांग्रेस इकाई की जिम्मेदारी दिग्विजय सिंह समर्थक मोनू सक्सेना को दी गई है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के समर्थक अजय ओझा को खंडवा ग्रामीण इकाई का अध्यक्ष बनाया है। वहीं, इंदौर के अरविंद बागडी और खंडवा के मनोज भारतकर को प्रदेश महासचिव बनाकर स्थानीय समीकरणों को साधने का काम किया गया है। प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही विवाद भी शुरू हो गए थे। विनय बाकलीवाल को हटाकर अरविंद बागडी को इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था। बाकलीवाल समर्थकों ने इसका विरोध किया। इसी तरह खंडवा में मनोज भारतकर की नियुक्ति को लेकर शिकायत हुई। इसे देखते हुए पार्टी के महासचिव और प्रदेश प्रभारी जयप्रकाश अग्रवाल ने इन नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने खंडवा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष मिश्रा को नियुक्त कर दिया, पर ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष को लेकर सहमति नहीं बन रही थी।

**अब शिवपुरी में -**

## दलित युवकों के साथ तालिबानी क्रूरता, आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर



**एजेंसी, शिवपुरी।** मध्यप्रदेश में सीधी पेशाब कांड के बाद अब शिवपुरी के नरवर में दलितों के साथ तालिबनी क्रूरता का मामला सामने आया है। जिले के नरवर थाना इलाके में लड़कियों से छेड़छाड़ और चोरी के कथित मामले में आरोपियों ने एक साथ दो युवकों को जूते-चप्पल की माला पहनाकर पहले जुलूस निकाला, फिर उन्हें मल खिला दिया। पूरे मामले का खुलासा होने के बाद शिवराज सरकार ने इस पर एक्शन लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि शिवपुरी के नरवर में दलित व्यक्ति के साथ हुई तालिबानी घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। घटना में शामिल अजमल, आरिफ, शाहिद सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए है, आरोपियों के खिलाफ हू की कार्रवाई करने के साथ अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने के निर्देश दिए है। वहीं गृहमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन ने आज आरोपियों के खिलाफ एनएसए लगाने के साथ उनके घरों पर बुलडोजर चला दिया है।

**दिल्ली में राकांपा की कार्यकारिणी की बैठक के बाद हटाये गये अध्यक्ष -**

## शरद पवार बोले- पार्टी का अध्यक्ष मैं हूं, उनके दावों में कोई सच्चाई नहीं, सिंबल के मुद्दे पर ईसी जाएंगे

**एजेंसी, मुंबई।** दिल्ली में राकांपा की कार्यकारिणी की बैठक के बाद शरद पवार ने कहा- पार्टी का अध्यक्ष मैं हूं। कौन क्या कह रहा है मुझे नहीं पता। किसी और के कुछ कहने की अहमियत नहीं। उनके दावों में कोई सच्चाई नहीं है। पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न के मुद्दे पर राकांपा चुनाव आयोग से संपर्क करेगी। आज की बैठक से हमारा हौंसला बढ़ा है। जब पवार से रिटायरमेंट को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 82 हो या 92, उम्र से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं पार्टी को फिर से खड़ा करूंगा। अगर कोई (अजित पवार) मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। मेरी शुभ कामनाएं उनके साथ हैं। बैठक के बाद राकांपा नेता पीसी चाको ने बताया कि



राकांपा कार्यकारिणी की बैठक में नेताओं ने शरद पवार पर भरोसा जताया है। मीटिंग में 8 प्रस्ताव पास हुए हैं। सरकार में शामिल होने वाले 9 विधायकों को पार्टी से निकाल दिया गया है। उधर, अजित पवार ने इस मीटिंग को गैरकानूनी बता दिया। शरद पवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर सवाल किया है कि उन्हें अपने अजित पवार के पार्टी के चुनाव चिन्ह पर दावा ठोकने की जानकारी क्यों नहीं दी गई? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शरद पवार से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। राकांपा नेता सोनिया दुहन ने बताया कि राहुल गांधी ने शरद पवार से मिलकर कहा कि कांग्रेस आपके साथ है। विपक्षी दल भी सा थ खड़े हैं। महाराष्ट्र भाजपा ने 7 जुलाई को विधायकों की बैठक बुलाई है।

**दिल्ली में अजित-प्रफुल्ल पटेल के पोस्टर हटे**

5 जुलाई को शरद पवार को हटाकर अजित पवार खुद राकांपा के अध्यक्ष बन गए थे। इसके एक दिन बाद शरद पवार दिल्ली में राकांपा कार्यकारिणी की बैठक की। शरद पवार के दिल्ली पहुंचने से पहले राजधानी में लगे वो पोस्टर हटा दिए गए, जिनमें अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल के फोटो लगे थे। दिल्ली में नए पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें अजित-प्रफुल्ल पटेल नहीं हैं। कुछ पोस्टर ऐसे भी हैं, जिनमें कटप्पा के बाहुबली को मारने का सीन है। लिखा गया है-गद्दारों को जनता माफ नहीं करेगी।

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर बयान**

**एकनाथ शिंदे :** महाराष्ट्र के सत्ताधारी गठबंधन में अजित पवार की एंट्री के बाद एकनाथ शिंदे कैंप के असंतुष्ट होने की खबरें आ रही थीं। ऐसे में शिंदे ने बुधवार शाम अपने आवास पर एक बैठक रखी। बैठक के बाद शिंदे ने कहा, 'मैं इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। मैं जानता हूं मेरे इस्तीफे की खबरें कौन फैला रहा है, लेकिन ये सब सिर्फ अफवाहें हैं।

## मध्यप्रदेश में सौगातो की बौछार, प्रत्येक वर्ग को किया संतुष्ट



चुनावी मौसम हो और राजनीतिक गलियारों में आया राम गया राम अपनी मौजूदगी दर्ज ना कराएं! ऐसा भला कैसे हो सकता है? भाजपा हो अथवा कांग्रेस, दोनों ही दलों में आने जाने वालों की रेलम पेल मची हुई है। जिसे देखो वही अपनी आत्मा की आवाज सुनने की बात कर रहा है। उधर सरकार जनता व सरकारी नुमाइंदों के प्रति पहले की अपेक्षा और ज्यादा नरम रुख अपना रही है। जिन मांगों को पूरा करने के लिए अभी तक विकल्प ना मौजूद थे अब उनके निराकरण होने लगे हैं। एक प्रकार से देखा जाए तो जनसमस्याओं को निराकरण का प्रतिसाद मिलने लगा है। राजनीतिक हलकों में कुछ अप्रत्याशित घटनाएं इसकी विद्रूप होती अवस्था को उजागर करती हैं। इससे यह स्पष्ट हो चला है कि इस क्षेत्र में एक बड़े स्वच्छता अभियान की महती आवश्यकता है। यह बात इसलिए लिखना पड़ी क्योंकि चुनावी फायदे के लिए कुछ लोग उन शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं जो उन्हें नहीं करना चाहिए। सत्ता और संगठन के मद में चूर कुछ छुटभैय्ए नेता ऐसे कृत्य कर रहे हैं, जो सभ्य समाज में अक्षम्य अपराध ही कहे जाएंगे। सबसे पहले शुरुआत उन घटनाओं को लेकर करते हैं जिसमें शिवराज सरकार अब बेहद नरम रुख के साथ जनता के सामने है। हाल ही में जब संविदा कर्मचारी एकजुट हुए तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर एक प्रकार से उनके लिए सौगातों की झड़ी लगा दी। उदाहरण के लिए- उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देने का वादा कर दिया और भर्तियों में 50प्र. आरक्षण की राह भी बना दी। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि अब पेंशन ग्रेच्युटी बीमा तथा अवकाश के लाभ भी दिए जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने सत्ता और संविदा कर्मियों के बीच चली लंबी लड़ाई को लेकर तल्ख हुए वातावरण को महसूस किया और यह माना कि हां थोड़ी लड़ाई हो गई थी। लेकिन अब सब कुछ ठीक-ठाक है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री सभी वर्गों को अपना बनाने में जुट गए हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, उनकी सहायकाओं, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि कर दी। इसी के साथ उन्हें अन्य लाभ देने का वादा भी किया। उधर रविंद्र भवन में सीखो और कमाओ योजना के तहत युवाओं को एकत्रित कर उन पर भी अपना खूब जादू चलाया। इसके अलावा कैबिनेट में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिनमें कुर्मी जाति को ओबीसी में शामिल कर लिया। सांगठनिक स्तर पर भी भाजपा ने दिन रात एक कर रखा है। क्या दिन और क्या रात, अधिकांश समय बैठकों में गुजर रहा है। जमीनी स्तर से फीडबैक मंगाया जा रहा है। आम जनता की रायशुमारी इकट्ठी कर संकल्प पत्र बनाने का काम शुरू हो गया है। साथ में मतभेद वाले क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने की युद्ध स्तरीय मुहिम छेड़ी जा चुकी है। पहले मुख्यमंत्री फिर भाजपा अध्यक्ष और अब ज्योतिरादित्य सिंधिया का उमा भारती के घर पहुंचना नए सियासी समीकरणों की ओर संकेत देता है। ऐसा कहा जा रहा है कि चुनावी चुनौतियों के चलते इस बार पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया जा सकता है। सामंजस्य का एक चेहरा उस वक्त और देखने को मिला जब अपने समर्थकों से खुद का स्वागत ना करवाते हुए सिंधिया ने अपने साथ मौजूद केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत कराया। लेकिन भाजपा में सब कुछ ठीक है ऐसा कहना भी अतिशयोक्ति होगा। क्योंकि दमोह में राशन दुकान के सेल्समैन की आत्महत्या को लेकर जो कुछ हो रहा है उसे देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि क्षेत्रीय नेता जयंत मलैया और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के बीच अभी भी तल्खी बनी हुई है। इनके बीच जारी शाब्दिक बयानों का युद्ध पार्टी में माहौल बिगाड़ने का काम कर रहा है। कांग्रेस की बात करें तो उसकी भाजपाई कार्यशैली पर पैनी नजर है। वह इस घात में है कि सत्ता में बैठी पार्टी कोई गलती करें तो उसे मुद्दा बनाया जाए। फिलहाल इस पार्टी ने सांगठनिक स्तर पर समन्वय स्थापित करने और जो कमियां शेष रह गई हैं, उन्हें दूर करने का मन बनाया है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने रामायण में हनुमान का किरदार निभाने वाले विक्रम शर्मा को अपने साथ करने में सफलता प्राप्त की है। खास बात यह है कि विक्रम शर्मा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र बुधनी में निवास करते हैं। पार्टी का कहना है कि भाजपा ने जिस गलत तरीके से कांग्रेस की सरकार गिराई, उस से आहत होकर विक्रम कांग्रेस में आए हैं। लेकिन भाजपा ने इसका जवाब ईंट की जगह पत्थर से दिया। उसने कांग्रेसी नेता और दिग्विजय शासन में मंत्री रहे पुष्पराज सिंह को अपने खेमे में शामिल कर लिया। बता दें कि उनके साथ डिंडोरी नगर परिषद की अध्यक्ष सुनीता सारस भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा चुकी हैं। उम्मीद की जा रही है कि नेताओं द्वारा पार्टियां बदलने का दौर अभी और तेजी पकड़ने वाला है। इधर जबलपुर पुलिस ने धार्मिक आधार पर नफरती बयान देने के आरोप में हिंदू धर्म सेना के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो कि इन्होंने 3 हफ्ते पहले लव जिहाद पर आपत्तिजनक बयान दिया था तथा दूसरे धर्म की युवतियों से शादी करने पर हिंदू युवकों को इनाम देने की घोषणा की थी। एक और शर्मनाक घटना से मध्य प्रदेश को रूबरू होना पड़ा। सीधी जिले में एक छुट्भइए नेता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने का घिनौना मामला सामने आया है। यह व्यक्ति सीधी के विधायक केदारनाथ शुक्ल का राजनैतिक प्रतिनिधि बताया जाता है। हालांकि पार्टी और विधायक ने इस बात का खंडन किया है। सत्ता पक्ष का सराहनीय प्रयास यह रहा कि आरोपी को तत्काल आधी रात को गिरफ्तार कर लिया गया तथा उस पर एनएसए जैसी गंभीर धारा का इस्तेमाल करने संबंधी निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा चुके हैं। यह बात और है कि कांग्रेस इस मुद्दे पर भाजपा को घेर रही है। उसका आरोप है कि इस प्रकार की घटना सत्ता में बैठी पार्टी का असली चेहरा उजागर करती हैं। इसी के साथ छिंदवाड़ा के तीन दिवसीय दौरे पर अपने गृह क्षेत्र पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा पर फर्जी वोटर्स बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में इस प्रकार का कृत्य करने के बावजूद जनता ने इस पार्टी को असली हैसियत बता दी है। यदि उसका यही ढर्रा बना रहा तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। यानी कि आरोप-प्रत्यारोप के दौर और हृदय परिवर्तन के सियासी नजारे अब रोचक होने लगे हैं।



**प्रसंगवश**
**राजकुमार बाली**